# <u>संदेश</u>

गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर, मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता और सत्य के आदर्शों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका शौर्य, त्याग और निस्वार्थ सेवा का संदेश हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएँ हमें सदा साहस और दृढ़ संकल्प के साथ न्याय के पथ पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

इस अवसर परहम संकल्प लें कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश में आपसी सद्भाव और एकता के मूल्यों को और सुदृढ़ करें।

**********